[This question paper contains 7 printed pages.]

**1240**

*Your Roll No.* .............

*आपका अनुक्रमांक* ________

**LL.B.** **JS**

**I Term**

Paper IV – CRIMINAL LAW (OC)

(Specific Crimes)

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :- इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।*

*Attempt* **Five** *questions including Question No.* **1** *which is compulsory.*
**All** *questions carry equal marks.*

*अनिवार्य प्रश्न क्रमांक* **1** *सहित कुल* **पाँच** *प्रश्न हल कीजिये।*
**सभी** *प्रश्नों के अंक समान हैं।*

P.T.O.

1. Attempt briefly any **four** of the following :

   (i) Distinguish between theft and extortion.

   (ii) Discuss the ingredients of sudden fight as a partial defence to the offence of murder.

   (iii) Distinguish between 'kidnapping from lawful guardianship' and abduction.

   (iv) Explain the 'doctrine of transference of malice'.

   (v) "Section 304 B and Section 498-A of the Indian Penal Code are not mutually exclusive". Comment.

निम्नलिखित में से किन्हीं चार के उत्तर संक्षेप में लिखिए :-

   (i) चोरी और उद्दापन के बीच भेद स्पष्ट कीजिए।

   (ii) हत्या के अपराध के प्रति आंशिक प्रतिरक्षा के रूप में अचानक लड़ाई के घटकों का विवेचन कीजिए।

   (iii) 'विधिपूर्ण संरक्षता से व्यपहरण' और अपहरण के बीच भेद सुस्पष्ट कीजिए।

   (iv) 'विद्वेष-अन्तरण के सिद्धान्त' को स्पष्ट कीजिए।

   (v) "भारतीय दंड संहिता की धारा 304-B और धारा 498-A परस्पर अपवर्जक नहीं हैं।" टिप्पणी लिखिए।

2. Mita, aged 17 years and 10 months, was a student of B.Sc. first year in one of the reputed colleges of University of Delhi. She developed an intimate relationship with Salim, her classmate. Apprehending that her orthodox family would never permit her inter-

religious marriage with Salim, Mita telephoned Salim to discuss the issue. Salim told Mita that the doors of his house were always open for her and his parents would treat her like their own daughter. That night, when her family members were asleep, Mita went to Salim's house and spent the night there. On a complaint made by Mita's parents, Salim is charged with the offence of kidnapping Mita from lawful guardianship. Decide citing judicial precedents.

17 वर्ष और 10 मास की आयु वाली मीता दिल्ली विश्वविद्यालय के एक विख्यात कालेज की बी. एस.-सी. प्रथम वर्ष की छात्रा थी। उसके अपने सहपाठी सलीम के साथ अन्तरंग सम्बन्ध बन गए। इस बात से आशंकित होते हुए कि उसका रूढ़िवादी परिवार सलीम के साथ उसके अन्तर्धार्मिक विवाह की अनुमति कभी भी नहीं देगा, मीता ने इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए सलीम को टेलीफोन किया। सलीम ने मीता से कहा कि उसके घर के दरवाजें उसके लिए सदैव खुले हैं और उसके माता-पिता उसको अपनी स्वयं की पुत्री की तरह मानेंगे। उस रात जब मीता के परिवार के सदस्य सोए हुए थे, मीता सलीम के घर गई और उसने रात वहीं गुजारी। मीता के माता-पिता की शिकायत पर सलीम पर मीता के विधिपूर्ण संरक्षकता से व्यपहरण करने का आरोप लगाया जाता है। न्यायिक पूर्वनिर्णयों का हवाला देते हुए विनिश्चय कीजिए।

3. Amit went into a state of shock when he learnt about his wife's extra-marital affair with his best friend, Sumit. Amit locked himself up in a room and did not have dinner that night. Next morning he went to Sumit's house and shot him dead with his licensed revolver, without uttering a word. Amit is being prosecuted for Sumit's murder. Decide.

अमित को जब अपनी पत्नी के अपने सर्वश्रेष्ठ मित्र सुमित के साथ विवाहेतर सम्बन्ध होने की बाबत जानकारी मिली तो उसकी स्थिति आघातमय हो गई। अमित ने अपने आपको एक कमरे में बंद कर लिया तथा उस रात भोजन भी नहीं किया। अगली सुबह वह सुमित के घर गया तथा उसने एक शब्द भी बोले बिना अपनी लाइसेंसशुदा रिवाल्वर से सुमित को शूट करके मार डाला। अमित पर सुमित की हत्या का अभियोग चलाया जा रहा है। विनिश्चय कीजिए।

4. (a) X, a gatekeeper at a manned railway crossing, went away for his lunch without closing the gate. A bus crossing that railway track sometime later, was hit by a goods train and six passengers died as a result. Discuss the criminal liability, if any, of X and the bus driver.

(b) Reema was being continuously harassed by her husband Rohit for not bringing sufficient dowry. On several occasions, Rohit told Reema that he would get rid of her and get remarried to some rich girl. One day Rohit strangulated Reema with a rope and believing her to be dead, set her on fire. The post mortem report revealed that Reema died due to burn injuries and not due to strangulation. Examine Rohit's liability for causing Reema's death.

(क) गेटकीपर की देखरेख में रहने वाले एक रेलवे क्रासिंग का गेटकीपर X गेट को बन्द किए बिना लंच करने चला गया। कुछ देर बाद उस रेलवे ट्रैक को पार कर रही बस मालगाड़ी से टकरा गई जिसके परिणामस्वरूप छह यात्रियों की मृत्यु हो गई। X और बस के ड्राइवर के आपराधिक दायित्व, यदि कोई है, का विवेचन कीजिए।

(ख) रीमा को उसके पति रोहित द्वारा पर्याप्त दहेज न लाने के लिए लगातार परेशान किया जा रहा था। रोहित ने रीमा से कई बार कहा था कि वह उससे छुटकारा लेगा और किसी अमीर लड़की के साथ विवाह करेगा। एक दिन रोहित ने रस्सी से रीमा का गला घोंट दिया और मरा हुआ मानकर उसको आग के हवाले कर दिया। शव परीक्षण रिपोर्ट से पता चला कि रीमा की मृत्यु जलने से हुई, न कि दम घुटने से। रीमा की मृत्यु कारित करने के लिए रोहित के दायित्व की परीक्षा कीजिए।

5. X harboured a grudge against Y, who had earlier made some obscene remarks against X's sister. One day, finding Y alone, X gave a forceful blow on Y's head with a heavy lathi causing a major skull fracture which resulted in Y's death. X is being tried for Y's murder. Decide citing relevant judicial precedents.

X के मन में Y के प्रति दुर्भाव पल रहा था क्योंकि Y ने कुछ समय पहले X की बहन के बारे में अश्लील टिप्पणियां की थीं। एक दिन Y को अकेला पाकर X ने Y के सिर पर भारी लाठी से जोरदार प्रहार किया जिससे उसकी खोपड़ी में बड़ा फ्रैक्चर हो गया। इसके परिणामस्वरूप Y की मृत्यु हो गई। X का Y की हत्या के लिए विचारण किया जा रहा है। सुसंगत न्यायिक पूर्वनिर्णयों का हवाला देते हुए विनिश्चय कीजिए।

6. Rohan had an affair with Lila, aged 17 years. On Rohan's promise to marry her, Lila agreed to have sexual intercourse with him. Every time before the intercourse, Rohan assured Lila that he would marry her very soon. After an year of sexual intimacy, Rohan told Lila that he will not marry her since she is a girl

of easy virtue and he would marry a girl of his parents' choice. Lila lodged an F.I.R against Rohan for the offence of rape. Decide.

रोहन के 17 वर्षीय लीला के साथ प्रेम सम्बन्ध थे। रोहन द्वारा उसके साथ विवाह करने का वायदा किए जाने पर लीला उसके साथ मैथुन करने के लिए राजी हो गई। मैथुन से पहले हर बार रोहन लीला को विश्वास दिलाता था कि वह उसके साथ बहुत जल्दी विवाह करेगा। यौन अन्तरंगता के एक वर्ष बाद रोहन ने लीला से कहा कि वह उससे विवाह नहीं करेगा क्योंकि वह एक सहज वश्य लड़की है तथा वह अपनी माता-पिता की पसन्द की लड़की के साथ ही विवाह करेगा। लीला ने बलात्संग के अपराध के लिए रोहन के विरूद्ध प्रथम इत्तिला रिपोर्ट दर्ज करा दी। विनिश्चय कीजिए।

7. (a) A, a Life Insurance Corporation agent, collected the premium amount of the policy from B, the policy holder. Instead of depositing the money with the Corporation, A used the money to buy a scooter for himself. For what offence can A be prosecuted ?

(b) E threatens to publish a defamatory libel concerning Z, unless Z gives Rs. 50,000 to him. Z gives the money to E. What offence, if any, has been committed by E ?

(क) जीवन बीमा निगम के एक एजेन्ट A ने पालिसीधारी B से पालिसी के प्रीमियम की राशि एकत्र की। उक्त धन को निगम में जमा करने की बजाय A ने उसे अपने लिए स्कूटर क्रय करने पर प्रयुक्त कर लिया A पर किस अपराध के लिए अभियोग चलाया जा सकता है ?

(ख) E, Z को धमकी देता है कि यदि उसने उसे 50,000/- रुपए नहीं दिए तो वह उसके बारे में मानहानिकारक अपमान लेख प्रकाशित कर देगा। Z उक्त धनराशि E को दे देता है। E द्वारा क्या अपराध यदि कोई है, किया गया है ?

8. (a) I, falsely pretending to be an income-tax official, entered R's house and told R that he owes some money to the income-tax department. R paid the money to I. What offence has been committed by I ?

(b) Nina and her friend Seema used to exchange books on a regular basis. One day Nina entered Seema's library in Seema's absence and picked up a book and took it to her home for reading. Is Nina guilty of any offence ? Would your answer be different if after going through the book Nina likes it and decides to retain it to enrich her own collection on books ?

(क) I ने आयकर अधिकारी होने का मिथ्या बहाना बनाते हुए R के घर में प्रवेश किया और R से कहा कि उसे कुछ धनराशि आयकर विभाग को देंनी है, R ने I को उक्त धनराशि का संदाय कर दिया। I ने क्या अपराध किया है ?

(ख) नीना और उसकी सहेली सीमा नियमित रूप से अपनी पुस्तकों की अदल-बदल किया करती थीं। एक दिन सीमा की अनुपस्थिति में नीना सीमा के पुस्तकालय में घुस गई, उसने वहां से एक पुस्तक उठाई और उसे पढ़ने के लिए अपने घर ले गई। क्या नीना किसी अपराध की दोषी है ? यदि नीना पुस्तक को पढ़ने के बाद उसे पसन्द करने लगती है तथा पुस्तकों के अपने संग्रह को समृद्ध करने के लिए उस पुस्तक को अपने पास रखे रखने का विनिश्चय करती है तो क्या आपका उत्तर भिन्न होगा ?